प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन करेंगे।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि क्षेत्र में नये शोध और उन्नत तकनीक पर लगातार काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।
- प्रदेश में चिकित्सा विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया जायेगा।
- जैसलमेर आज अपना 870वां स्थापना दिवस मना रहा है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन–3 व्यापक बदलाव के बाद बने सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। यह आगामी कई सामूहिक केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है जिनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है। कर्तव्य भवन–3 लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर में स्थित आधुनिक सात मंजिला कार्यालय परिसर है इसमें गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित प्रमुख मंत्रालय और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि क्षेत्र में नये शोध और उन्नत तकनीक पर लगातार काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। राज्यपाल कल उदयपुर में महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रगतिशील किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजते हुए आगे बढना जरूरी है। श्री बागडे ने महाविद्यालय परिसर में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने मोटे अनाज की नई किस्मों सहित अन्य उपयोगी जानकारियों को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित की गई कॉफी टेबल बुक 'द मिलेट्स स्टोरी' का विमोचन भी किया।

0000

जोधपुर में मनाये जाने वाले राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। इस संबंध में कल जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में सामान्य प्रशासन विभाग के शासन सचिव, जोगाराम ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को राज्य स्तरीय मानकों के अनुरूप सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। इस बीच प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बारां में कल नगर परिषद की ओर से शहर में तिरंगा रंगोली सजायी गई। सवाईमाधोपुर में आज जिलेभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जायेगी। पाली में आज से अभियान के तहत कई गतिविधियां होगी।

.......

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में बादल फटने से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में दुर्घटना पर दुख जताते हुए हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। गौरतलब है कि कल धराली गाँव में बादल फटने से खीर गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ से व्यापक तबाही हुई है। इसमें चार लोगों के मारे जाने और कई लोगों के लापता होने की सूचना है। इस क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक 130 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

0000

प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी चिकित्सा संस्थानों और स्वास्थ्य केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया जायेगा। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल स्वास्थ्य सेवाओं

की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर और अधिक मरम्मत की आवश्यकता वाले अस्पताल भवनों पर 'जर्जर भवन–प्रवेश निषेध' का बोर्ड लगाकर उन्हें तुरंत बंद करने को कहा। साथ ही प्राथमिकता के साथ इनकी मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग **की ओर से** चलायी जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की।

00000

राज्य के अस्पतालों में विभिन्न रोगों की जांच सुविधा को बेहतर बनाने के लिए प्रयोगशालाओं में हब एण्ड स्पोक मॉडल अपनाया जायेगा। इस मॉडल के तहत अस्पतालों में निशुल्क जांच आउटसोर्स मोड पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस संबंध में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग और **दो कंपनियों के बीच** एमओयू किया गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और विभाग की प्रमुख शासन सचिव इस मौके पर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से इस मॉडल को अपनाने की पहल की गई है। इसी क्रम में प्रदेश में ये मॉडल लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गांवों और कस्बों तक रोगियों की जांच की सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराना है। इससे विभिन्न रोगों की जांच रिपोर्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पडेगा। इसके लिए प्रदेश में 42 मदर लैब, 135 हब लैब और 1 हजार 335 स्पॉक्स चिन्हित किए गए हैं।

00000

जैसलमेर आज अपना 870वां स्थापना दिवस मना रहा है। जैसलमेर की स्थापना सन् 1156 में भाटी वंश के शासक महाराव जैसलदेव द्वारा की गई थी। स्थापना दिवस पर आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सोनार दुर्ग स्थित स्वांगिया जी देवी मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हो रही है।

.....

00000

राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ कॉनफेड की ओर से जयपुर में सहकार राखी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसक तहत नेहरू सहकार भवन में रंग बिरंगी और आकर्षक राखियों की प्रदर्शनी लगायी गई है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सभी उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कॉनफेड की इस पहल की सराहना की।

.....

0000

प्रदेश में आज 6 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर तथा आसपास के क्षेत्र शामिल है। मौसम विभाग के अनुसान इन स्थानों पर गरज के साथ हल्की बरसात हो सकती है। इसके साथ ही कहीं–कहीं तेज हवायें चलने के आसार है।

0000